# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

करवा चौथ की मंगलकामनाएं

haribhoomi.com

रायपुर, रविवार 20 अक्टूबर 2024







मुस्कुराहट एक ऐसी शारीरिक गतिविधि है, जो ना केवल हमारे शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाती है, इससे हमारे जीवन में खुशी फैलती है। हम टेंशनफ्री होते हैं और हमारे सोशल सर्कल में हमारी इमेज भी पॉजिटिव बनती है। मजे की बात है, यह खूबी हम सभी के पास होती है तो फिर झिझक कैसी? आइए हम भी मुस्कुराएं, आप भी मुस्कुराइए।

# स्माइल प्लीज...

## लाइफ बनेगी हेल्दी-हैप्पी

कवर स्टोरी / लोकमित्र गौतम

एक मुस्कुराहट आपके लाखों बिगड़े काम बना सकती है। एक मुस्कुराहट आपके भीतर अनगिनत सपने जगा सकती है। गुस्से से जल भुन रहे किसी व्यक्ति को एक हल्की सी मुस्कुराहट पानी-पानी कर सकती है। यह सिर्फ भावुक कवियों या दार्शनिकों के उदार आख्यान नहीं हैं। विज्ञान भी इन बातों के साथ अपनी सहमति जता चुका है कि मुस्कुराहट इंसान की बहुत बड़ी ताकत है। सिर्फ ताकत ही नहीं है, मुस्कुराने के अनगिनत फायदे भी हैं, चाहे हम उन फायदों को जानें या ना जानें।

**तनाव-गुस्सा हो जाए गायबः** आप बहुत तनाव या गुस्से में हों और किसी वजह से आप में हल्की सी मुस्कुराहट तैर जाए, तो समझिए कि आपका 50 फीसदी तनाव तो मुस्कुराहट के तैरने के साथ ही गायब हो जाएगा। दरअसल, एक छोटी से छोटी मुस्कुराहट भी हमारे न्यूरोपेप्टाइड्स के स्राव सक्रिय कर देती है और इससे तुरंत डोपामाइन और सेरोटोनिन जैसे न्यूरोट्रांसमीटर का तंत्र भी झनझना जाता है, जिस कारण ना सिर्फ तुरंत हमारा मूड बेहतर होता है बल्कि हम कहीं ज्यादा चैतन्य और सक्रिय हो जाते हैं, जिससे हमारा व्यवहार ज्यादा सकारात्मक और आत्मीय हो जाता है। मुस्कुराहट सिर्फ हमारा तनाव ही कम नहीं करती बल्कि हमारे शरीर का रक्तसंचार भी बेहतर करती है।



क्योंकि इससे हमारे शरीर में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ जाती है। अगर हमारी मुस्कुराहट स्वाभाविक या प्राकृतिक नहीं है बल्कि कोशिशन है, तो इसके भी हमें फायदे मिलते हैं। विज्ञान साबित कर चुका है कि मुस्कराने से हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली मजबूत होती है। इससे हमारे काम करने का ढंग प्रभावी हो जाता है। मुस्कुराहट हमारे शरीर में किसी भी किस्म के दर्द को कम या खत्म करती है, क्योंकि मुस्कुराने से हमारा शरीर एंडोर्फिन जैसे प्राकृतिक दर्द निवारक रिलीज करता है। हम यह भी ना भूलें कि मनोवैज्ञानिक ही नहीं ब्यूटी एक्सपर्ट भी इस बात को तथ्यात्मक रूप से मान चुके हैं कि मुस्कुराने से हम खूबसूरत दिखते हैं। मुस्कुराने से कुरूप से कुरूप व्यक्ति भी खूबसूरत नजर आता है।

**मूड बन जाए बेहतरः** समझने वाले को इशारा काफी है कि अगर स्वस्थ रहना चाहते हैं, जीवन में सकारात्मक रहना चाहते हैं तो जितना हो सके मुस्कुराहट का दामन थामे रहें। क्योंकि मुस्कुराहट हमारे मूड और स्वास्थ्य को हमेशा बेहतर बनाती है। यह किसी एक मनोवैज्ञानिक या शरीर वैज्ञानिक का दावा नहीं है बल्कि लाखों वैज्ञानिकों की लंबे समय तक की गई समीक्षाओं का निष्कर्ष है। सच पूछा जाए तो मुस्कुराहट किसी शख्स की सबसे बड़ी ताकत होती है।



**दूसरों को मिलती है खुशीः** मुस्कुराहट सिर्फ खुद को ही अनगिनत फायदे नहीं देती बल्कि यह दूसरों को भी मालामाल करती है। मुस्कुराने से सिर्फ आपका ही दिन नहीं बनता बल्कि यह दूसरों का भी दिन बना सकती है। निश्चित रूप से मुस्कुराहट एक ऐसी अनैच्छिक प्रतिक्रिया है, जो हमें खुशी देती है। अगर हम जान-बूझकर या कहें किसी नाटक के तहत भी मुस्कुराते हैं, तो उस मुस्कुराहट के भी नकारात्मक नतीजे नहीं निकलते बल्कि उससे भी फायदा ही होता है। मुस्कुराहट एक ऐसा संक्रामक प्रभाव है कि अगर हमारे इर्द-गिर्द कोई मुस्कुराता है, तो उसका भी हम सबको फायदा मिलता है यानी मुस्कुराने वाला और जिसके लिए मुस्कुराया जाए, सिर्फ उसे ही नहीं, अगर हम मुस्कुराने वालों के इर्द-गिर्द भी मौजूद हों, तो हमें भी उस मौजूदगी का लाभ होता है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि मुस्कुराना हम सभी की रोजमर्रा की जिंदगी में कितना फायदेमंद है।

**जीते हैं लंबी जिंदगीः** मुस्कुराहट के अनगिनत फायदे हैं, चाहे इसे जिस तरीके से विश्लेषित किया जाए। चाहे जैविक आधार पर देखा जाए, चाहे सामाजिक आधार पर समझा जाए और चाहे करियर या कारोबार में सफलता के तौर पर व्यक्त किया जाए। अगर हम जैविक रूप में देखें तो पाते हैं कि जिन लोगों को बात-बात पर मुस्कुराने और ज्यादातर मौकों पर खुश रहने की आदत होती है, वे ऐसे किसी भी व्यक्ति से ज्यादा जीते हैं, गुस्सा जिनकी नाक पर बैठा होता है और जो जिंदगी में ज्यादातर समय दुखी रहते हैं, छोटी सी बात पर परेशान हो जाते हैं, डल हो जाते हैं। ऐसे लोगों के मुकाबले जिंदगी को मुस्कुराकर गुजारने वाले चुनौतियों का मुस्कुराकर मुकाबला करने वाले लोग कहीं ज्यादा जीते हैं और इसका बहुत साधारण सा कारण है। जब हम मुस्कुराते हैं या हमारे सामने मौजूद कोई शख्स मुस्कुराता है तो उसकी मुस्कुराहट से या हमारी अपनी मुस्कुराहट से हमारा मूड बदल जाता है और हम लंबे समय तक सकारात्मक रहते हैं।

**निखरती है सोशल इमेजः** खुश होना, सकारात्मक रहना, स्वस्थ जीवनशैली का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसलिए मुस्कुराने वाले लोग लंबी उम्र और स्वस्थ जीवन पाते हैं। अगर हम दिन में कम से कम एक बार मुस्कुरा लें तो हमारे दिन भर का काफी हद तक तनाव खत्म हो जाता है। चेहरे की भाव भंगिमाएं, खूबसूरत और सकारात्मक हो जाती हैं, जिस कारण हम जिससे मिलते हैं, उसे तो अच्छा लगता ही है, हमें भी अच्छा लगता है, क्योंकि हम जिससे मिलते हैं, वह व्यक्ति हमसे अच्छा व्यवहार करता है। दिन भर में एक या दो बार भी अगर हम दिल से मुस्कुरा लें, तो हमारी सारी थकान खत्म हो जाती है। हम अभिभूत से दिखने लगते हैं। इससे हमारी सोशल इमेज निखरती है। लब्बोलुआब यह कि मुस्कुराना हमारी हमारी सफलता, हमारी खुशी का सबसे बड़ा सबूत होती है। *

### मुस्कुराहट के प्रकार

**वैसे मुस्कुराहटें** तीन तरह की होती हैं। पहली तरह कि मुस्कुराहट एक ऐसी सौम्य मुस्कुराहट होती है, जो स्वीकृति, खुशी, संतोष और अनगिनत दूसरे सकारात्मक भावों को व्यक्त करती है। दूसरे किस्म की मुस्कुराहट वह होती है, जिससे हमें बल मिलता है, भरोसा मिलता है, अपनापन महसूस होता है, करुणा और सामाजिक जुड़ाव की उम्मीद बंधती है। लेकिन एक वर्चस्व की मुस्कान भी होती है या इसे चाहें तो हम प्रभुत्व की मुस्कुराहट भी कह सकते हैं। भगवान कृष्ण जब दुर्योधन की बड़ी-बड़ी डींगों पर हल्के से मुस्कुरा देते हैं, तो वह मुस्कुराहट दुर्योधन के सारे दावों पर पानी फेरना होता है। यह प्रभुत्व की मुस्कुराहट है। इस मुस्कुराहट से हम दूसरे को खारिज करते हैं, अपनी श्रेष्ठता दर्ज करते हैं और कभी-कभी ऐसी मुस्कुराहट से हम अपने अंदर की घृणा को भी व्यक्त करते हैं।



# युवा पीढ़ी समझती है

## वैवाहिक बंधन की महत्ता

विवाह का बंधन, ऐसा जुड़ाव है, जो दो इंसानों, परिवारों को ही नहीं जोड़ता, सामाजिक संस्कारों को भी आगे बढ़ाता है। आज की युवा पीढ़ी इस बंधन की महत्ता को अच्छी तरह समझती है। इस जुड़ाव को प्रगाढ़ बनाने में करवा चौथ जैसे पर्व बड़ी भूमिका निभाते हैं।

करवा चौथ विशेष

रिलेशनशिप

डॉ. मोनिका शर्मा

एक स्त्री-पुरुष के मन-जीवन का गठजोड़ शादी का रिश्ता, समाज की बुनियाद को मजबूती देता है। भविष्य की पीढ़ियों का आधार और पुरानी पीढ़ी को थामे रखने वाला सहारा बनता है। हमारे देश में विवाह संस्कार को पूरे समाज की ही बुनियाद माना जाता है। यही कारण है कि डिजिटल जुड़ाव से लेकर दुनियावी बदलाव तक, शादी से जुड़े बहुत से रंगों को नहीं बदल सके हैं। अच्छी बात यह है कि बहुत से युवा आज भी परंपरागत रीति-रिवाज से ना केवल शादी करने में बल्कि उसे निभाने में भी विश्वास रखते हैं। करवा चौथ जैसे पर्व, पति-पत्नी के मनोभावों के जुड़े रहने की भावना को और प्रगाढ़ करते हैं।

**बरकरार है जिम्मेदारी का भावः** दुनिया के हर समाज में युवा पीढ़ी सामाजिक-सांस्कृतिक मूल्यों की वाहक होती है। ट्रेडिशनल रंग-ढंग लिए इन वैल्यूज को उनकी शादी-शुदा जिंदगी अगली पीढ़ी तक लेकर जाती है। दो इंसानों का आपसी स्नेह, संस्कारों की धरोहर भी सहेजता है। सुखद है कि युवा पीढ़ी अब परिवार की महत्ता समझ रही है। कमोबेश हर मोर्चे पर लाइफस्टाइल से जुड़े बदलावों को जीने वाली नई पीढ़ी में पारिवारिक जीवन की अहमियत समझने का भाव भी साफ दिखता है। हमारी परंपरागत और सांस्कृतिक जीवनशैली से जुड़े भाव-चाव को संवारते-संभालते युवा, परिवार तंत्र को बनाए रखने से जुड़े विश्वास को बल देते हैं। दुनिया के हर हिस्से में ही शादी-शुदा जीवन में आ रहे अलगाव और बिखराव से बचने के लिए जज्बाती बंधनों को बनाए रखने की सोच दुनिया भर में सराही जाती है। प्रोफेशनल, पर्सनल, रिश्ते-नातों और मनोभावों से जुड़ी हर जद्दोजहद के बीच भी यंग जनरेशन का विवाह के संबंध में भरोसा बने रहना, पूरे समाज के लिए सुखद है। कुछ समय पहले सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी से जुड़े पब्लिक फाउंडेशन-ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी सर्वेक्षण में सामाजिक-आर्थिक मुद्दों की एक श्रंखला को कवर करने वाली स्टडीज में सामने आया था कि हमारे यहां बड़ी संख्या में युवा परंपरागत ढंग से वैवाहिक बंधन में बंध रहे हैं। शादी डॉट कॉम द्वारा करवाया गया एक अध्ययन भी बताता है कि भारत में शादी को इमोशनल और फाइनेंशियल स्टेबिलिटी से जोड़कर देखे जाने की सोच है। जीवन भर के साथ में ठहराव और लगाव के मायने समझने वाले युवा आज भी परिवार और जीवनसाथी के प्रति जिम्मेदारी का भाव रखते हैं। यही सोच शादी के बंधन में बिखराव नहीं आने देती है।

**साथ बने रहने की सोचः** हमारे देश में आज भी डाइवोर्स का प्रतिशत बहुत कम है। भारत में तलाक की दर अब भी दुनिया की तुलना में केवल 1 प्रतिशत है। आज भी परिजन हों या खुद यंग कपल्स, छोटी-मोटी उलझनों को रिश्ता टूटने का कारण नहीं बनने देते। साथ रहते-जीते हुए सब कुछ सहज और मनचाहा नहीं हो सकता, यंग जनरेशन की ऐसी समझ वाकई सुखद है। दुनिया के हर हिस्से में बढ़ रहे डाइवोर्स केसेस के बीच भारत में बड़ी संख्या में युवक और युवतियां वैवाहिक संबंधों को लेकर बहुत सकारात्मक सोच रखते हैं। यह सोच उनके घर-परिवार से जुड़े रहने की सोच का ही एक पहलू है। फैमिली से जुड़े रहने से ना केवल समय के साथ बढ़ती उलझनों को सुलझाने में पैरेंट्स की सलाह-समझाइश मिलती है बल्कि शादी-शुदा जिंदगी में सम्मानजनक व्यवहार को भी बल मिलता है। इससे पारिवारिक माहौल में बहुत पॉजिटिव बदलाव आ रहे हैं। एक ओर लव मैरिज से जुड़े बच्चों के फैसले अभिभावक खुशी-खुशी स्वीकार करने लगे हैं तो दूसरी ओर बहुत से बच्चे भी लाइफ पार्टनर को लेकर पैरेंट्स के चुनाव को अहमियत देते हैं। यह शेयरिंग-केयरिंग का पहलू पूरे फैमिली सिस्टम को थामने वाला है।



**जीवन संवारने वाला भरोसाः** कुछ समय पहले स्टैटिस्टिक्स ब्रेन रिसर्च इंस्टीट्यूट द्वारा किए गए एक अध्ययन में सामने आया था कि अरेंज मैरिज में डाइवोर्स की दर सिर्फ 6 प्रतिशत है। इसी आंकड़े के रेफरेंस देते हुए भारत के 60 प्रतिशत युवाओं ने खुद को अरेंज मैरिज के पक्ष में बताया। सुखद यह है कि ट्रेडिशनल लाइफस्टाइल से जुड़ी यह सोच युवाओं को आज के दौर में मन और शरीर से जुड़ी बहुत सी परेशानियों से भी बचाने वाली है। सार्थक बदलाव के साथ इस भाव और विश्वास की बुनियाद को पक्का करने वाले करवा चौथ जैसे पर्व भी मन के मेल को और बढ़ाने वाले ही हैं। अपने परिवार और साथी की कुशल कामना से जुड़े ऐसे त्योहार, थोड़ा ठहर कर यह सोचने का परिवेश बनाते हैं कि हमारे समाज में शादी सिर्फ दो लोगों का नहीं, दो परिवारों का गठजोड़ है। इससे आपसी भावनात्मक संबंधों में प्रगाढ़ता आती है, समय के साथ बढ़ती जाती है। *

दोहे

केदार शर्मा 'निरीह'

## प्रियतम का यूं साथ हो...



धरती पर रस बरसता, कर तम का अवसान।
मन तम को हर लीजिए, हर करके अज्ञान।।
जल बिच खिलती कुमुदनी, चढ़ती ज्यों परवान।
प्रियतम का यूं साथ हो, मांग रही वरदान।।
धरती की कर परिक्रमा, करा नेह का भान।
मेरे प्रियतम संग मैं, करती हूं गुणगान।।
भावों की जलधार से, अर्घ्य का कर दान।
किरण आपकी उतर कर, हरे मनस अज्ञान।।
जीवन झरने सा बहे, प्रियतम के संग-साथ।
छाया हो या धूप हो, रहे हाथ में हाथ।।
सारस संगी सारसी, जैसे आठों याम।
हरिन संग में हरिप्रिया, रमा संग ज्यों राम।।
गिरिजा का ज्यों संग है, गिरिजापति के साथ।
ऐसे साजन साथ दें, सुनिए तारक नाथ।।
युगों युगों से दे रहे, धरती को अवदान।
विनती तारक नाथ से, दें सुहाग सम्मान।।

लघुकथाएं

## वचन



प्रवीण को वह करवा चौथ आज भी याद है। जब पत्नी अस्पताल में भर्ती थी। उसके पैर में फ्रेक्चर हो गया था। वह शाम को अपने बिस्तर पर उदास लेटी हुई थी। प्रवीण ने कहा, 'तुम्हारा ऑपरेशन सफल हो गया है फिर क्यों चेहरा लटका रखा है? सुख-दुख तो जीवन में आते-जाते रहते हैं। इसी को ही तो जीवन कहते हैं।'

पत्नी दुखी मन से बोली, 'मुझे अपनी चिंता नहीं है।'

'तो किसकी चिंता है?' प्रवीण ने पूछा।


पत्नी की आंखें नम हो आईं, बोली, 'कल करवा चौथ है और मैं आपकी लंबी उम्र के लिए उपवास भी नहीं रख सकूंगी। बस यही चिंता सता रही है। ईश्वर ने मेरे साथ कितना बुरा किया है।' 'अरे ईश्वर को क्यों कोसती हो...तुम्हें याद है, जब अपनी शादी के फेरे हुए थे तो पंडित जी ने एक-दूसरे का साथ देने के लिए सात वचन करवाए थे। उस समय मैंने भी कहा था, मैं हमेशा तुम्हारे सुख-दुख में सदा साथ रहूंगा। आज शायद वो वचन निभाने का समय आ गया है।' प्रवीण ने पत्नी की हिम्मत बंधाई। पत्नी चौंकी, 'वचन...! करवा चौथ पर कौन-सा वचन निभाओगे?'

'जब तुम मेरी दीर्घायु की कामना करने के लिए पिछले तीस बरसों से करवा चौथ का व्रत करती आई हो... तो कल मैं...।' प्रवीण कुछ और कहता, इससे पहले पत्नी बीच में ही बोली, 'तो कल मैं का क्या मतलब...?' 'कल मैं तुम्हारी दीर्घायु और अच्छे स्वास्थ्य की मन्नत के साथ करवा चौथ का व्रत रखूंगा और तुम्हारे दर्शन करके ही अन्न-जल ग्रहण करूंगा।' प्रवीण पत्नी का हाथ अपने हाथों में लेकर बोला।

यह सुनकर पत्नी के आंखों में आंसू छलक आए। *

**- गोविंद भारद्वाज**

## सम्मान



आज आकाश जी खुशी से फूले नहीं समा रहे थे, उनके बेटे अमित ने आईआईटी प्रवेश परीक्षा में प्रदेश में प्रथम स्थान जो प्राप्त किया था।

आकाश जी बैंक में वरिष्ठ प्रबंधक हैं। उनकी पत्नी प्रभा घरेलू महिला हैं। वह सुबह से ही घर सजाने में व्यस्त थीं। आज मीडिया वाले अमित का इंटरव्यू लेने आने वाले थे। 'मां आप भी तैयार हो जाएं, मीडिया वाले आपसे भी बात करेंगे।' अमित अपनी मां के गले में प्यार से हाथ डालते हुए बोला।

'इन्हें तैयार-वैयार होने की कोई जरूरत नहीं है।' एकाएक आकाश जी बीच में ही बोल पड़े, फिर वह प्रभा की ओर मुखातिब हुए, 'और हां, तुम उन लोगों के सामने आना भी मत। तुम्हें पढ़ाई-लिखाई की बात कहां समझ में आती है। मीडिया वालों के सामने कोई ऊंटपटांग जवाब दे दिया तो भद्द पिट जाएगी।'

आकाश जी की बात सुनकर प्रभा का सारा उत्साह ठंडा पड़ गया। पहली बार उन्हें अपने पति की बात शूल की तरह चुभी थी। ऐसा भी नहीं था कि अनपढ़ होने का तंज उन्होंने पहली बार सहा हो, या इससे पहले कभी उन्हें बच्चों की परवरिश को लेकर पति ने कोई टिप्पणी ना की हो।

तभी दरवाजे की घंटी बजी। मीडिया वाले आ गए थे। आकाश जी आदर के साथ उन लोगों को अंदर लाए। अमित के इंटरव्यू का सिलसिला शुरू हुआ। कई सवाल पूछे जाने के बाद अचानक एक रिपोर्टर की नजर पर्दे की आड़ में से झांक रही किसी महिला पर पड़ी। उसने बरबस अमित से पूछ लिया, 'वे शायद आपकी माता जी हैं, उन्हें तो बुलाइए जरा।'

'अरे, नहीं-नहीं, वो तो हमारी रिश्तेदार हैं। अमित की मां तो मंदिर गई हुई हैं।' आकाश जी ने साफ-साफ झूठ बोल दिया। 'नहीं, यह मेरी मां हैं, पापा झूठ बोल रहे हैं। दरअसल, मेरी मां कम पढ़ी-लिखी हैं, इसलिए पापा उन्हें कभी किसी से नहीं मिलवाते, लेकिन मेरी मां मेरी प्रेरणा हैं। आज तक मैंने जो भी मुकाम हासिल किया है, वह सिर्फ और सिर्फ अपनी मां की वजह से प्राप्त किया है। अगर मां मेरा साथ ना देतीं तो मैं कब का हार मान चुका होता। जब भी मेरी लगन-मेहनत में कमी होती, मां ही मुझे संभालतीं। मेरी मां के विश्वास ने ही मुझे मेहनत करने के लिए प्रेरित किया और आज मैं इतनी बड़ी सक्सेस पा सका हूं।' कह कर अमित अपनी मां का हाथ पकड़ कर बैठक में ले आया। उसने मां को अपने पापा के पास वाली कुर्सी पर बैठा दिया।

प्रभा की आंखें खुशी से छलक आई थीं। आज उसके बेटे ने उन्हें बहुत बड़ा सम्मान दिलाया था। *

**-शीला श्रीवास्तव**

पत्रिका चर्चा / विज्ञान भूषण

## इंद्रप्रस्थ भारती का रामदरश मिश्र विशेषांक

अनेक विधाओं के लेखन में सिद्धहस्त, कई पुरस्कारों से सम्मानित सात-आठ दशकों से निरंतर रचनारत वयोवृद्ध साहित्यकार रामदरश मिश्र का यह जन्मशती वर्ष चल रहा है। इस अवसर पर उन पर केंद्रित इंद्रप्रस्थ भारती पत्रिका का जुलाई-अगस्त अंक, विशेषांक के रूप में प्रकाशित होकर आया है। यह अंक ना केवल पठनीय अपितु संग्रहणीय भी बन पड़ा है क्योंकि इसमें हम ना केवल रामदरश जी की रचनाशीलता के विभिन्न आयामों से परिचित हो सकते हैं, उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को कई लेखकों के नजरिए से समझ भी सकते हैं। पत्रिका के पहले खंड में वरिष्ठ लेखक प्रकाश मनु और ओम निश्चल ने भरपूर भावुकता से मिश्र जी के साथ अपनी स्मृतियों को साझा किया है तो उनकी पुत्री स्मिता मिश्र की अनुभूतियां भी मार्मिक हैं। दूसरे खंड में मिश्रजी के रचना संसार का एक झरोखा खुलता है। इसमें उनकी कुछ कहानियां, कुछ कविताएं, आत्मकथा के अंश, डायरी के अंश और निबंध पढ़ सकते हैं तो तीसरे खंड में प्रेम जनमेजय, पल्लव, नीलम चतुर्वेदी, वेदमित्र शुक्ल और केशव मोहन पांडे समेत एक दर्जन से अधिक लेखकों ने रामदरश जी की बहुविध रचनाशीलता की महत्ता को रेखांकित किया है। *




**पत्रिकाः** इंद्रप्रस्थ भारती (जुलाई-अगस्त 2024, रामदरश मिश्र जन्मशती विशेषांक), **संपादकः** संजय कुमार गर्ग, **मूल्यः** 75 रुपए, **प्रकाशकः** हिंदी अकादमी, दिल्ली

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, रविवार, 20 अक्टूबर 2024
[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]

### उपमुख्यमंत्री ने 26.69 करोड़ के विकास कार्यों की दी सौगात

# भिलाई-चरोदा में 1 करोड़ का मैदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छत्तीसगढ़ प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव के मुख्य आतिथ्य में शनिवार चरौदा के भांठापारा वार्ड में 26 करोड़ 69 लाख रुपये लागत के 144 विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन हुआ। जिसमें 23 करोड़ 29 लाख के 128 कार्यों का भूमिपूजन तथा 3 करोड़ 40 लाख के 16 कार्यों का लोकार्पण शामिल है। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा एवं दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, नगर निगम के महापौर निर्मल कोसरे भी कार्यक्रम में सम्मलित हुए। समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री साव ने नगरवासियों को विकास कार्यों के लिये बधाई एवं शुभकामनाये दी। उन्होंने कहा कि जब से प्रदेश में सरकार बनी है, इसके 10 महीने के अंतर्गत 2 हजार 8 सौ करोड़ की राशि शहरों के विकास के लिए जारी किया जा चुका है। शहर की प्रतिष्ठा प्रदेश से जुड़ा है। इसलिए हम शहरों की विकास को प्राथमिकता दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो काम विगत सरकार के 5 वर्षों में नहीं हुआ। सरकार बनते ही 12 दिनों में पूरा किया गया है।



#### पैसों की कमी नहीं होगी

उपमुख्यमंत्री साव ने कहा कि भिलाई चरौदा के विकास के लिए पैसे की कमी नहीं होगी। यहाँ के विकास को और तेज गति से बढ़ाना है, इसके लिए सरकार काम कर रही है। उन्होंने बताया कि पूरे देश में गरीबों सरकारी आवास उपलब्ध कराया जा रहा है।

#### 25 हितग्राहियों को मिला प्रधानमंत्री आवास, स्वनिधि की राशि बांटी

उपमुख्यमंत्री साव ने जनप्रतिनिधियों के मांग पर भिलाई-3 चरौदा में खेल मैदान के लिए एक करोड़ रुपये की घोषणा की। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री साव ने अपने करकमलों से 25 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास की चाबी सौंपी। प्रधानमंत्री स्व निधी योजना अंतर्गत लाभान्वित 4 महिला स्व सहायता समूह को राशि का चेक, 4 हितग्राहियों को सिलाई मशीन तथा राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को मोमेंटों प्रदान किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा ने कहा कि निगमवासियों के मांग के अनुरूप सरकार ने विकास कार्यों की सौगातें दी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सुशासन में मोदी की गारंटी पूरी हो रही है। विधायक कोर्सेवाड़ा ने निगम क्षेत्र अंतर्गत स्टेडियम निर्माण की ओर उप मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट किया। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि आज निगम क्षेत्र में विकास की गंगा बहने जा रही है। यह सब क्षेत्र के जागरूक जनप्रतिनिधियों की विकास के प्रति समन्वय की भावना की देन है। समारोह को महापौर निर्मल कोसरे ने भी सम्बोधित किया। निगम आयुक्त दशरथ राजपूत ने कार्यक्रम में विकास प्रतिवेदन का वाचन किया। इस अवसर पर नगर निगम के पार्षदगण सहित लोग उपस्थित थे।

## लिफ्ट लेने के बहाने बाइक चोरी, पकड़ाए

**भिलाई।** लिफ्ट लेने के बहाने सायकल चोरी करने वाले दो युवकों को पुलिस ने पकड़ा है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 303(2), 112 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी हरिश पाटिल ने बताया कि मंगल बाजार निवासी अजय यादव अपनी बाइक से ट्रांसपोर्ट नगर भिलाई गया हुआ था। वापस घर आते समय साईं धर्मकाटा के पास खुर्सीपार में दो युवक पीड़ित से लिफ्ट मांगने लगे। युवकों को पीड़ित ने श्रीराम चौक खुर्सीपार छोड़ा। पीड़ित अपनी बाइक में चाबी लगाकर दुकान से सामान लेने व्यवस्त हो गया। वापस लौटकर आने पर बाइक उक्त जगह से गायब मिला। छठ तालाब मंच के पास चेकिंग करने पर दो युवक बैठे मिले। पूछताछ करने पर छावनी निवासी विपिन कुमार उर्फ राजा और राहुल विश्वकर्मा होना बताया है।

## ब्रिज के नीचे मिला शव

**भिलाई।** पावर हाउस फ्लाईओवर ब्रिज के नीचे युवक की लाश मिली। छावनी टीआई चेतन चंद्राकर ने बताया कि शव केम्प -2 निवासी हलक राम साहू का है। मृतक युवक को मिर्गी का दौरा पड़ने का संदेह जताया जा रहा है। सूचना पर पुलिस शिनाख्त करने के बाद परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिजनों से पूछताछ करने पर बताया कि हलक राम लंबे समय से बीमार था। उसे पीलिया की शिकायत थी और मिर्गी का दौरा आया करता था। मामले में जांच जारी है।

## मोबाइल लूटने वाले धरे गए

**भिलाई।** लूटपाट करने वाले दो युवको को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सीएसपी हरिश पाटिल ने बताया कि गौतम नगर खुर्सीपार निवासी उदय कुमार निषाद रात को दूध लेने के लिए दुकान जा रहा था। इस दौरान रवि विश्वकर्मा उर्फ खिलु और रोशन सन्यासी गली के पास खड़े थे। दोनों युवकों ने जेब से कटर निकाल कर पीड़ित को धमकाने लगे। खिलू ने पीड़ित के जेब से मोबाइल 10 हजार का और रोशन पर्स लूटकर फरार हो गए। खुर्सीपार थाना प्रभारी अम्बर सिंह भारद्वाज के नेतृत्व पर आरोपियों की खोजबीन शुरु की गई। घेराबंदी कर आरोपी रवि विश्वकर्मा उर्फ खिलु , रोशन यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।










## साइबर पखवाड़े में दुर्ग पुलिस ने 5 लाख से अधिक लोगों को किया जागरूक

# सेक्सटॉर्शन, शेयर ट्रेडिंग, बिटकॉइन जैसे डिजिटल फ्रॉड से बचने किया अवेयर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

साइबर जागरुकता अभियान के तहत जिले में विभिन्न माध्यमों से लोगों को जागरुक किया जा रहा है। डिजिटल एवं फिजिकल दोनों माध्यमों से लोगों तक पहुंचाई गई। दुर्ग पुलिस ने 150 से

■ फिजिकल और डिजिटल दोनों माध्यमों से आम जनता तक अपनी पहुंच बनाई

अधिक स्थानों पर जाकर 5 लाख से अधिक लोगों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया। चंदूलाल चंद्राकर स्मृति शासकीय अस्पताल कालेज , कचांदुर में साइबर जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ट्रेनी आईपीएस चिराग जैन ने छात्रों को साइबर अपराधों से बचने के महत्वपूर्ण उपाय बताए। संदिग्ध लिंक, फर्जी वेबसाइट और ऑनलाइन ठगी से बचने के लिए उपयोगी वेबसाइटों की जानकारी दी। लाइव डेमो के माध्यम से सही तरीके से जांचने की प्रक्रिया समझाई गई। कार्यक्रम में साइबर प्रहरी नोडल अधिकारी डॉ. संकल्प राय ने भी छात्रों को डिजिटल फ्रॉड, साइबर सेक्सटॉर्शन, शेयर ट्रेडिंग फ्रॉड, बिटकॉइन फ्रॉड, और वॉट्सएप हैकिंग से सुरक्षा के उपायों की जानकारी दी। इस अवसर पर कॉलेज के डेंटल विभाग के एचओडी डॉ. कुलदीप सिंह सांगा और डॉ. शिल्पी ने कार्यक्रम के दौरान साइबर प्रहरी टीम का आभार जताया है। छात्रों से अपील की कि वे साइबर प्रहरी ग्रुप से जुड़कर साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक रहें। पॉवरग्रिड कुम्हारी उपकेंद्र में भी साइबर जागरूकता पर एक विशेष एक्सपर्ट टॉक का आयोजन किया गया। इसमें पॉवरग्रिड कुम्हारी उपकेंद्र के महाप्रबंधक प्रभारी राज किशोर दाश, महाप्रबंधक आर. पी. साहू, पिनाकी भट्टाचार्य समेत उपकेंद्र के कर्मि शामिल थे। इस दौरान क्राइम प्रभारी तपेश्वर नेताम आदि मौजूद थे।





### साइबर ठगी होने पर तुरंत दे जानकारी

कार्यक्रम में एएसपी सुखनंदन राठौर, ट्रैफिक डीएसपी सतीश ठाकुर ने साइबर अपराधों से बचने के विभिन्न तरीकों पर प्रकाश डाला। इसी के साथ, पॉवरग्रिड के सभी कॉन्ट्रैक्ट वर्कर्स के लिए भी साइबर जागरूकता पर एक्सपर्ट टॉक का आयोजन किया गया। जिसमें उन्हें साइबर सुरक्षा के विभिन्न और ऑनलाइन ठगी से बचने के उपाय बताए गए। साइबर अपराधों से बचाने के लिए साइबर प्रहरी की टीम के द्वारा सेक्टर 9 स्थित फुटबॉल ग्राउंड पहुंचकर सभी युवा खिलाड़ियों को एवं उनके कोच को नए ट्रेंडिंग साइबर अपराधों के बारे में बात कर जागरूक कराया। साइबर फ्रॉड होने पर तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 का उपयोग करने की बात बताई गई।

## दुकान में चोरी का प्रयास, गिरफ्तार

**भिलाई।** दुकान का शटर तोड़कर चोरी करने का प्रयास करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सीएसपी हरिश पाटिल ने बताया कि बीएन राजू 16 अक्टूबर की रात चरोदा स्थित अपनी न्याय बैटरी की दुकान का शटर बंद कर घर चला गया था। 17 अक्टूबर की दुकान खोलने आया तब देखा शटर खुला हुआ था। दुकान के भीतर जाकर देखा तो सामान बिखरा पड़ा मिला और चोरी करने का प्रयास किए जाने की जानकारी मिली। पुलिस में शिकायत के बाद आरोपी को पकड़ने के लिए भिलाई तीन टीआई महेश ध्रुव अपनी टीम के साथ जुट गए। संदेह होने पर एक युवक को थाना लाकर पूछताछ करना शुरु कर दिया। शीतला मंदिर के पास हांडी पारा शिव नगर रायपुर निवासी मो इबराल को पकड़ा गया। अपने दोस्त मोनू के साथ चोरी करना स्वीकार किया।

## लोहे के हथियार के साथ युवक पकड़ाया

**भिलाई।** चाकूबाजी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर विश्व बैंक कालोनी भिलाई-3 निवासी मोन्टू गिरी गोस्वामी को पुलिस ने लोहे का चापड के साथ गिरफ्तार किया है। चापड़ को लेकर पुलिस को आरोपी ने कोई दस्तावेज पेश नहीं किया। चापड को पुलिस ने जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया है।

## शराब के लिए महिला के साथ मारपीट

**भिलाई।** शराब पीने के लिए पैसे नहीं देने पर महिला के साथ मारपीट करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना पुरैना भिलाई तीन की है। सीएसपी हरिश पाटिल ने बताया कि आमाकुंआ चौक पुरैना निवासी कविता ने शिकायत किया कि पड़ोसी युवक भोलादास मानिकपुरी शराब पीकर आये दिन गाली गलौज करता है। शराब के लिए पैसा नहीं दिया तो मारपीट की।

बिजनेस साइट

## गुरु रामदास के प्रकाशोत्सव पर कुलपति ने दी कंबाइन की डिलीवरी



**भिलाई।** शनिवार को गुरु रामदास प्रकाशोत्सव का है ऐसे शुभ अवसर पर अर्जुंदा बालोद के कृषक नरेश चंद्राकर ने खेती कार्य में उत्कृष्ट बहुफसलीय सेल्फप्रपोल्ड कंबाइंड हार्वेस्टिंग मशीन केएस 9300 मैजा कटर के साथ लेकर गौरांवित हुए। केएस ग्रुप ऑफ़ कंपनी देश के कृषकों को आर्थिक समृद्धता प्राप्त करने के लिए सदियों से तत्पर है। आधुनिकता के इस दौर में नित नए यंत्रों एवं उपयंत्रों का निर्माण कर देश की जीडीपी बढ़ाने में केएस ग्रुप ऑफ़ कंपनी ''मील का पत्थर'' साबित हो रही है। एक ही हार्वेस्टिंग मशीन द्वारा धान, गेहूं एवं सभी प्रकार के मसाले की फसलों को कम रखरखाव में सफलतापूर्वक काटकर फसलों से दानों को अलग करने वाली किसानों की पहली पसंद रही है। यंत्र की चाबी प्रदान करते हुए हेमचंद यादव यूनिवर्सिटी के कुलपति भूपेंद्र कुलदीप एवं अंतर्राष्ट्रीय साहित्यकार एमजेएफ लायन डॉ. रौनक जमाल कमला मोटर्स संचालक के पुत्र सीएमए पद्मेश जैन, सेल्स प्रमोटर सत्य लक्ष्मी नारायण चंद्राकर, शाखा प्रबंधक खेमचंद गुप्ता, पुजारी अजय चौधरी, मैकेनिक किशोर निषाद, आगंतुक नंदिता सावंत केएस एग्रीकल्चर के फोरमैन दिलशाद खान सहायक फोरमैन समीर खान। मशीन की डिलेवरी लेते हुए अर्जुंदा बालोद के कृषक नरेश चंद्राकर, शुभम चंद्राकर, किनसुक चंद्राकर हीरामण ठाकुर, कृपाल यादव बलराम साहू आदि मौजूद थे।

## संजीवनी पैरामेडिकल कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ

**दुर्ग।** संजीवनी पैरामेडिकल कॉलेज जो कि ओम परिसर आर्य नगर दुर्ग में स्थित है। जो व्यावसायिक चिकित्सा पैरामेडिकल पाठ्यक्रम संचालित कराये जाते हैं। यह संस्था एनआईओएस शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत सबंद्ध है। यहां 10वीं, 12वीं पास छात्र-छात्राएं प्रवेश ले सकते है। संस्था में संचालित कोर्स कम्युनिटी हेल्थ में प्रमाण पत्र सीसीएच होम्योपैथी में प्रमाण पत्र सीएचडी आयुवेर्दिक में प्रमाण पत्र सीएटी में एक वर्षीय कोर्स में प्रवेश प्रारंभ है एवं पैरामेडिकल कोर्स में पैथोलॉजी लेब टेक्नीशियम एवं एक्स-रे टेक्नीशियम द्विवर्षीय कोर्स में प्रवेश आरंभ है। केवल 25 सीटें कॉलेज के पास है। कॉलेज में प्रेक्टिकल के लिए नर्सिंग होम, हॉस्पिटल व चिकित्सालय सुविधा है। निःशुल्क पुस्तकालय, पृथक छात्रवास की सुविधा छात्र-छात्राओं के लिए कॉलेज में पैथोलॉजी लैब भी है। उपरोक्त कोर्स करने के बाद एनआईएस से प्रमाण पत्र दिया जाता है। जिनके आधार पर छात्र-छात्राएं पूरे देश में किसी भाग में निर्धारित एलोपैथी दवाई से प्राथमिक चिकित्सा करने के लिए स्वतंत्र है। संस्था का उद्देश्य राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा ग्रामीण जनता को प्रभावी सक्षम एवं सुलभ स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए समय-समय पर प्रशंसनीय कार्यक्रम शुरू किये जाते रहे है। यह जानकारी संस्था का प्रवेश प्रभारी डॉ. टीएल चंद्राकर ने दी।



## पूरे 5 साल अंधेरे में रहा निगम का आउटर क्षेत्र, अब आ रही याद: शिवेंद्र

**दुर्ग।** नगर निगम दुर्ग की शहर सरकार की कार्यप्रणाली पर एमआईसी के पूर्व मेंबर और कातुलबोड़ से वर्तमान पार्षद शिवेंद्र परिहार ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि पूरे 5 साल शहर का आउटर क्षेत्र अंधेरे में डूबा रहा। चाहे मुख्य सड़क हो या कॉलोनी की सड़कें। मेंटेनेंस के अभाव में हर जगह रात के समय अंधेरे में लोग परेशान होते रहे। शिकायतों की कहीं कोई सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने कांग्रेस शहर सरकार के वर्तमान एमआईसी मेंबर अब्दुल गनी और संजय कोहले को नसीहत दी है कि वे छत्तीसगढ़ शासन का का विश्लेषण करने के बजाय अपने विभागों का विश्लेषण करें। परिहार ने कहा कि वर्ष 2017 में चंद्रिका चंद्राकर की शहर सरकार थी। उस समय 18000 लाइट लगीं। इसके बाद वर्तमान महापौर धीरज बाकलीवाल के कार्यकाल में किसी भी वार्डो में कोई लाइट नहीं लगी। पूर्व विधायक अरुण वोरा ने अपनी निधि से 2 करोड़ में हाई मास्क, चाइना लाइट जैसे कार्यों में खर्च कर दिए, सिर्फ अपने चहेतों को काम दिया। जबकि पूर्व सरकार ने हाईमास्क लाइट प्रतिबंधित किया था। क्योंकि उससे बिजली की अनावयसक खपत होती है। वर्तमान विधायक गजेंद्र यादव ने अपनी निधि से 40 लाख रुपए देकर शहर को अंधेरे से मुक्ति दिलाने की उपलब्ध कराई है। उन्होंने कहा निगम क्षेत्र की आउटर कॉलोनियां अंधेरे में डूबी है। कई वार्ड ऐसे है जहां एक ही पोल में 3, 3 लाइट लगी हैं। सैकड़ों पोल बिना लाइट के हैं। शहर के सभी 60 वार्डों में जल संकट की समस्या किसी से छिपी नहीं है। वायशेप ब्रिज और ग्रीन चौक का ब्रिज मेंटेनेंस के अभाव में कंडम हो गया है।



भिलाई नगर थाना क्षेत्र की घटना

## क्रिप्टो करेंसी के नाम पर ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

क्रिप्टों करेंसी के नाम पर ठगी करने का मामला सामने आया है। ज्ञात आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि बीएसपी से सेवानिवृत्त डॉ बहू के मोबाइल पर टेलीग्राम ऐप पर चैट के माध्यम से क्रिप्टों करेंसी में निवेश कर लाभ कमाने का झांसा देकर वर्ष 2023 में लाखों रुपए का ठगी किया गया है। अज्ञात का काल महिला के मोबाइल पर आया था। उसने टेलीग्राम ऐप पर चैट के माध्यम से क्रिप्टों करेंसी में निवेश करने का झांसा दिया था। लाभ कमाने के चक्कर में महिला ने रुपए को निवेश कर दिया। इसके बाद 12 मई 2024 को 1 वर्ष बाद फिर अज्ञात का कॉल महिला के मोबाइल पर आया था। अज्ञात मोबाइल धारक ने जॉब का भी महिला को ऑफर दिया। पेमेंट के बदले कमीशन देने की बात कही थी। उसने एक लिंक दिया। लिंक को क्लिक कर मांगे गए डिटेल को भेजा गया। ठग ने महिला का नेट बैंकिंग चालू कराया। आरोपी ने एक लिंक भेज कर महिला के बैक खाते और फोन तक अनधिकृत रुपए से अपने कब्जे में कर नेट बैंकिंग के आईडी एवं

■ टेलीग्राम में चैट के जरिए महिला से हुई धोखाधड़ी, पुलिस कर रही जांच

पासवर्ड का दुरुपयोग किया। पुलिस ने बताया कि 17 मई 2024 से 12 जून 2024 तक ठग ने पीड़िता के खाते से लाखों रुपए का ठगी किया है। खाते में कई बैनिफिसियरी एकाउंट फर्जी तरीके जोड़कर उनमें पैसे का भुगतान कर दिया गया है। बहरहाल पुलिस आरोपी के बारे में पतासाजी कर रही है। अब तक कोई खुलासा नहीं हो पाया है। साइबर सेल की मदद से आरोपियों तक पहुंचने तक प्रयास किया जा रहा है। पुलिस विवेचना जारी है।



लाइव इवेंट

## ब्राह्मण समाज के प्रतिभावान अलंकरण समारोह में हुए सम्मानित



**भिलाई।** दुर्ग जिला छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज ने सर्वोदय उत्सव के साथ विशिष्ट क्षेत्रों में ख्याति प्राप्त ब्राह्मण वर्ग के लोगों को सम्मानित किया। रायगढ़ की मेघा पांडे एमकाम गोल्ड मेडलिस्ट, राहुल शर्मा संस्थापक युवा पहल, मेजर जनरल सुधीर शर्मा घुमा वाले को सम्मानित किया गया। इसी प्रकार अनुज शर्मा धरसींवा, ललित कुमार दुबे रायगढ़ सम्मानित किए गए। राकेश तिवारी जेवरा वाले को भी सम्मान मिला। द्विज कुल गौरव सम्मान से पीयूषकांत पांडेय, ज्योति निशा सम्मानित किए गए। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जस्टिस टीपी शर्मा, पूर्व मुख्य लोकायुक्त छत्तीसगढ़ शासन थीं। उन्होंने सदैव समाज को समर्पित रहने की बात कही। उन्होंने कहा कि हमें न पनौती न मनौती का सामना करना है। बल्कि हम चुनौतियों को कम मानकर कार्य करते हैं। रास्ता हमें खुद बनाना है। विशिष्ट अतिथि एसपी जितेंद्र शुक्ला थे। उन्होंने कहा कि शिक्षा जितनी उन्नत होगी, व्यक्ति और समाज उतना ही सशक्त होगा। सांसद विजय बघेल ने कहा कि परिष्कृत समाज निरंतर प्रगति करता है। व्यक्ति और व्यक्तित्व गुना से बनता है। सांसद संतोष पांडे ने कहा ब्राह्मण केवल अपने हितों के लिए ही कार्य नहीं करता, वरण सब धर्म एवं जाति के हित के लिए सोचता है।

- विशिष्ट क्षेत्रों में ख्याति प्राप्त लोगों को मिला सम्मान

### सामाजिक कुरीतियों और प्री-वेडिंग इवेंट करना चाहिए समाप्त

आईएएस शिव कुमार शर्मा ने कहा सामाजिक कुरीतियों एवं व्यर्थ के दिखाए जैसे प्री वेडिंग आदि को समाप्त करना चाहिए। ब्राह्मणों का यज्ञोपवीत इसमें जब भी जहां भी सहयोग की जरूरत पड़ने पर तत्परता से सहयोग करने की बात कही। आईएएस बीएल तिवारी ने समाज के सहयोग की बात कही। विधायक अनुज शर्मा ने जस गीत एवं माता के भजन से समाज के लोगों को कृतार्थ किया। आयोजन में विधायक गजेंद्र यादव, ललित चंद्राकर, अरुण वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल, ज्ञानेश शर्मा, समाज के अध्यक्ष कमल नारायण शर्मा, शिरीन पांडे सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे।

सिटी इवेंट

## गंजपारा दुर्गोत्सव समिति की नई कार्यकारिणी घोषित, पिडियार फिर अध्यक्ष बने



**दुर्ग।** श्री गंजपारा दुर्गा उत्सव समिति की नई कार्यकारिणी घोषित कर दी गई है। रवि पिडियार को पुनः अध्यक्ष बनाया गया है। महासचिव की जिम्मेदारी एक बार फिर मनोज शर्मा को दी गई है। कार्यकारी अध्यक्ष विकेश मिश्रा और अमित यादव को बनाया गया है। कोषाध्यक्ष जितेंद्र राठी नियुक्त किए गए हैं। आम सभा की बैठक भी यह निर्णय लिया गया। बैठक में आय-व्यय का ब्योरा भी प्रस्तुत किया गया। नई कार्यकारिणी का कार्यकाल दो वर्षों 2025-26 के लिए होगा। समिति के संरक्षक संजय रुंगटा ने पुरानी टीम को यथावत रखने का प्रस्ताव रखा, जिसका किशोर जैन ने समर्थन किया। अध्यक्ष रवि पीआरडी ने कहा कि गंजपारा दुर्गा उत्सव समिति अपने 57 वर्ष पूर्ण कर चुकी है। पुनः जिम्मेदारी देने के लिए सभी संरक्षकों सहित सदस्यों का उन्होंने आभार व्यक्त किया। मनोज शर्मा ने कहा नई कार्यकारिणी सभी सदस्यों के परामर्श के आधार आगे भी बेहतर काम करेगी। बैठक में कमल नारायण रूंगटा, संतोष रूंगटा, कृष्ण कुमार दुबे, गौतम जैन, गोपाल शर्मा, रमेश राठी, कैलाश रूंगटा, विनीत जैन, किशोर जैन, अशोक राठी, शैलेश तिवारी, दीपक चोपड़ा सहित अन्य मौजूद थे।

सिटी इवेंट

## पंथी चौक का हो रहा सौंदर्यीकरण, प्रतिमाओं के चेहरे बनाए जा रहे आकर्षक



- नृत्यधाम कला समिति द्वारा देशराग ओपन प्रतियोगिता में दी प्रस्तुति

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवा विभाग द्वारा पंथी चौक को आकर्षक बनाया जा रहा है। संयंत्र के ही प्रसिद्ध मूर्तिकार अंकुश देवांगन यहां चेहरों को नया स्वरूप दे रहे हैं। प्रतिमाओं के चेहरे खराब हो गए थे। इसके कारण इनका सौंदर्यीकरण शुरू किया गया है। चौक में पेंटिंग का काम जल्द शुरू होना है। बताया जा रहा है कि दीवाली से पहले चौक के सौंदर्यीकरण का काम पूरा कर लिया जाएगा।

● दुर्ग-भिलाई में रविवार को पूरे दिन महिलाएं रखेंगी उपवास, रात में चांद देखने के बाद तोड़ेंगी व्रत

# करवा चौथ से बाजार में लगे चार चांद, सड़क किनारे दुकानों पर महिलाओं की रही भीड़, पार्लरों में बुकिंग फुल

भिलाई। कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को आज करवा चौथ का पर्व मनाया जाएगा। इस दिन सुहागन महिलाएं निर्जला व्रत रखकर पति की लंबी आयु की कामना करेंगी। महिलाएं सोलह श्रृंगार करके भगवान शिव, माता पार्वती, करवा माता, भगवान गणेश और चंद्रमा चंद्र देव का पूजन कर पति और परिवार की खुशी व तरक्की की कामना कर व्रत का पारण करेंगी। शनिवार को करवा चौथ का ऐसा बाजार सजा दिखाई दिया जहां से शायद ही कोई सुहागन निराश होकर लौटे। रंग-बिरंगी झालर लगे मिट्टी के करवे 40 से 80 रुपये में बिक रहे हैं। वहीं पीतल के करवे की कीमत 200 से 1500 रुपये तक है। सजी हुई चलनी सींक खील खिलौने कैलेंडरों से पावर हाउस व सुपेला का बाजार पटा पड़ा है। सड़क के किनारों पर लगीं इन दुकानों पर ग्राहकों की अच्छी भीड़ रही। करवा चौथ से पहले बाजार में पर्व की रंगत से चार चांद लग गए हैं। शनिवार को करवा, पूजा थाल, चूड़ा, सींक, चूड़ियां, मेहंदी, मेकअप का सामान खूब खरीदा गया। वहीं पुरुषों ने भी पत्नियों को देने के लिए उपहार खरीदे।



### पूजा व श्रृंगार के दुकानों में रही भीड़

करवाचौथ के एक दिन पहले सर्वाधिक भीड़ सेक्टर 6 ए मार्केट, पावर हाउस, आकाशगंगा, सुपेला, दुर्ग इंदिरा मार्केट, रिसाली सहित दुकानों पर महिलाओं ने मेकअप के सामान से लेकर पूजा की थाली और उसे सजाने के लिए सुहागिनों ने जरूरी चीजों की खरीदारी बाजार में घूम-घूमकर की। इसके अलावा मेहंदी की दुकानों, ब्यूटी पार्लरों में भी खासी भीड़ रही। बड़ी संख्या में महिलाओं ने करवा चौथ पर तैयार होने लिए बुकिंग करवाई और फेशियल, मेनिक्योर व पेडिक्योर आदि पहले से ही करवा लिए है। बाजार में जहां महिलाओं ने पूजा थाल और अन्य सजावटी जरूरी वस्तुएं खरीदीं, वहीं पतियों ने भी करवा चौथ पर उपहार देने के लिए खास खरीदारी की।



### थ्रीडी मेहंदी पहली पसंद, देर रात तक रही भीड़

मेहंदी के बिना करवाचौथ का श्रृंगार पूरा नही हो सकता। मेहंदी आर्ट सेंटरों पर तो दिन भर महिलाओं की भीड़ लगी रही। इन दिनों सबसे ज्यादा मांग थ्रीडी मेहंदी की है। मेंहदी आर्टिस्ट रुपल व पलक गुप्ता ने बताया कि इस बार थ्रीडी के साथ करवाचौथ पर चांद देखती महिला मेंहदी डिजाइन की ज्यादा डिमांड है। जो तीन व पांच सौ रुपये में हाथों की मेहंदी की शुरुआत है। इसके बाद जैसी डिजाइन और मेहंदी के हिसाब से मूल्य तय होता है। घरों में जाकर भी मेहंदी लगा रहे हैं, लेकिन उसका अतिरिक्त चार्ज लिया जा रहा है। पैरों में भी अनेक डिजाइन लोगो को लुभा रहे है।



### मिट्टी के साथ ही पीतल के करवों की मांग ज्यादा

करवाचौथ पर आमतौर पर महिलाएं मिट्टी और पीतल के करवे ही खरीद रही हैं लेकिन इस बार बाजार में चांदी का करवा भी बाजार में मिल रहा है, जिसकी भी लोग खरीदारी कर रहे हैं।

### मिरर और हैंडवर्क की साड़ियां बिकी

संस्कार बुटिक सेक्टर 7 की संचालिका प्रभा गुप्ता ने बताया कि इस बार महिलाएं व युवतियों में मिरर, मोती व हैंड वर्क की साड़ियों व सूटों की अधिक मांग देखने को मिल रही है। साड़ियों में गोटा व रिबन वर्क भी पसंद किया जा रहा है। इसमें पूरी साड़ी सिंपल होती है। बस नीचे के हिस्से में रिबन वर्क किया होता है। इन साड़ियों की कीमत पंद्रह सौ से तीन हजार रुपये से शुरू होती है।





## बीएसपी को राजनांदगांव और दुर्ग को बिलासपुर ने हराया, दोनों सेमीफाइनल में

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-19 एलीट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन जारी है। आज चार मैच खेले गए। इसमें जिले की दो प्रमुख टीमों को निराशा हाथ लगी। राजनांदगांव में बीएसपी की टीम राजनांदगांव से हार गई। वहीं दुर्ग की टीम को धमतरी में बिलासपुर की टीम ने हरा दिया। खास बात यह रही कि जीत के बाद राजनांदगांव और बिलासपुर सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाइ कर गए। इधर बीएसपी क्रिकेट मैदान सेक्टर-1 में प्लेट कंबाइंड और रायपुर के बीच मैच खेला गया। रायपुर ने यह मैच 112 रन से जीता। रायपुर भी सेमीफाइनल में जगह बनाने सफल रही। रायपुर 211 रन बनाए। इसमें शुभ सिंघवी ने 65, तेजस मोरे ने 47 रन की पारी खेली। प्लेट कंबाइंड की टीम 99 रन पर आउट हो गई। राजनंदगांव में हुए मैच में राजनंदगांव की टीम ने 9 विकेट पर 225 रन बनाए। इसमें उपेंद्र सिंह मरकाम ने नॉट आउट 83, बी बालाजी राव ने 41 रन बनाए। जवाब में बीएसपी की टीम निर्धारित ओवरों में 5 विकेट पर 185 रन ही बना सकी। धमतरी में दुर्ग और बिलासपुर के बीच हुए मैच में दुर्ग ने 174 रन बनाए। इसमें समर्थ मूलवानी ने 40 रन, आनंद त्रिपाठी ने 27 रन की पारी खेली। बिलासपुर ने 9 विकेट खोकर निर्धारित लक्ष्य पा लिया। ऋषभ शर्मा ने नॉट आउट 70 रन बनाए। न्यू ग्राउंड कांकेर में बीसीए और सरगुजा के बीच हुए मैच में बीसीए ने 14 रन से जीत लिया। टीम सेमीफाइनल में पहुंच गई। बारिश के कारण मैच 31-31 ओवरों का खेला गया।

- बीएसपी क्रिकेट मैदान सेक्टर-1 में रायपुर और प्लेट कंबाइंड के बीच मैच



## कत्थक में इरा, वंशिता, अनुष्का, दीवी रहे श्रेष्ठ, हुए सम्मानित

**भिलाई।** नृत्यधाम कला समिति द्वारा आयोजित देशराग ओपन राष्ट्रीय नृत्य,संगीत सहित ड्राइंग और पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन दुर्ग,भिलाई में किया गया। कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय तबला वादक पं. प्रोसेनजीत पोद्दार, पश्चिम बंगाल सरकार में सांस्कृतिक विभाग के दीपक सरकार, मोरध्वज अतिथि के रूप में शामिल हुए। एसएनजी विद्या भवन भिलाई और सुराना कॉलेज दुर्ग में पश्चिम बंगाल, दक्षिण भारत, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश से 250 बच्चे इस आयोजन में भाग लेने के लिए पहुंचे। इस आयोजन में श्री निकेतन कत्थक कला केंद्र के बच्चों ने अनुप्रिताके निर्देशन में अपनी प्रतिभा दिखलाई। स्टूडेंट इरा पुरोहित,वंशिता,अनुष्का, दीवी ने कत्थक नृत्य में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त किया। राजस्थान फोक डांस की प्रस्तुति देकर आस्था, ईनाया अग्रवाल, वान्या, आर्ची, सानवी, पीहू, प्रीतिषा, नितिशा इष्टि ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।





सेक्टर-7 में पालक और शिक्षकों के बीच हुआ संवाद, पालकों ने गिनाई परेशानी

## आत्मानंद स्कूल के स्टूडेंट्स को करियर गाइडेंस, पुरानी वस्तुओं से म्यूजियम बनाने से लेकर बैंक की सुविधाओं की दी जानकारी

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल सेक्टर 7 में पालक और शिक्षकों के बीच संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन में जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा प्रमुख रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम में विशेष रूप से भिलाई निगम के एमआईसी मेंबर लक्ष्मीपति राजू, संकुल समन्वयक विजय दुबे, प्रोग्राम ऑफिसर ईपी रितेश, बैंक ऑफ इंडिया के पूर्व जनरल मैनेजर जॉर्ज मैथ्यू, एडीपीओ विवेक शर्मा मौजूद थे। तीन घंटे तक चली इस बैठक में बच्चों के सर्वांगिण विकास पर बात की गई। बच्चों के करियर गाइडेंस की जानकारी पालकों को दी गई। बैंकों से मिलने वाली सुविधा, पुरानी वस्तुओं के उपयोग से म्यूजियम तैयार करने से लेकर अन्य कई अन्य जानकारियां पालकों और स्कूल के बच्चों से शेयर की गई। इतना ही नहीं स्कूल के प्रतिभावान विद्यार्थी सम्मानित भी किए गए। प्रमुख रूप से बच्चों के तिमाही परिणाम, बालवाड़ी से कक्षा 5 तक के छात्रों की दक्षता, समुदाय के सहयोग से म्यूजियम खोलने, उच्च प्राथमिक कक्षाओं के लिए विभिन्न व्यवसायों का प्रशिक्षण, बच्चों की शिक्षा में सहयोग करने को एक शुभ व्यक्तियों की पहचान सहित अन्य विषयों पर चर्चा की गई।



### बेहतर रिजल्ट वाले विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्य विनीत सैम कुट्टी ने बैठक की रूपरेखा से अवगत कराया। उन्होंने विद्यालय का परीक्षा परिणाम घोषित करते हुए उत्कृष्ट विद्यार्थियों को मंच पर बुलाया, जहां एमआईसी मेंबर लक्ष्मीपति राजू के हाथों बच्चों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित पालकों ने अपनी समस्याएं रखी, जिनका निराकरण विद्यालय के शिक्षकों ने किया। इस अवसर पर डिजिटल माध्यम से विद्यालयीन गतिविधियों की जानकारी दी गई। इसमें छात्र-छात्राओं द्वारा किए गए सेवा कार्यो और शिक्षकों के सहयोग से किए गए शैक्षिक गतिविधियों को वीडियो के माध्यम से

### विद्यार्थियों ने व्यावसायिक शिक्षा के महत्व को समझा

विशिष्ट अतिथि ईपी रितेश ने विद्यार्थियों के लिए विभिन्न करियर्स के विकल्प बताए। आशा मुदलियार ने व्यावसायिक शिक्षा का महत्व समझाया और सामान्य शिक्षा के साथ-साथ व्यावसायिक शिक्षा के लाभ बताते हुए उनसे प्राप्त होने वाले रोजगार के साधनों पर प्रकाश डाला। करुणा सिंह ने पुरानी वस्तुओं से म्यूजियम बनाए जाने और विरासत से विकास की तरफ ध्यान दिलाते हुए पालकों को म्यूजियम के लिए सहयोग को प्रेरित किया। मैथ्यू जॉर्ज ने बैंक के माध्यम से मिलने वाली शिक्षाएं एवं अन्य

### डीईओ ने पालकों की शिकायतों का किया निराकरण

बैठक में डीईओ मिश्रा ने पालकों की समस्याओं का निराकरण किया। उन्होंने बैठक के उद्देश्यों की जानकारी दी। पलकों से उनकी समस्याएं पूछकर उनका निराकरण किया। लक्ष्मीपति राजू ने पालकों को शिक्षकों पर विश्वास करने और अपने बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहयोग करने की बात कही। साथ ही बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित किया। पालकों ने विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए मॉडलों को देखा। ये सभी अलग-अलग विषयों पर आधारित थे।

### स्टूडेंट्स के लिए भविष्य में भी होंगे ऐसे आयोजन

बैठक में तय किया गया कि भविष्य में भी इस प्रकार का आयोजन किया जाएगा। सब ने विद्यार्थियों के कौशल की सराहना की। अंत में आभार प्रदर्शन सुनीता पाटले ने किया गया। कार्यक्रम का कुशल प्रभावपूर्ण संचालन ऋतु सिन्हा ने किया। बैठक में माध्यमिक और प्राथमिक शाला से जागृति द्विवेदी, निमिषा अग्रवाल, रश्मि श्रीवास्तव, खेमराज उपस्थित रहे। उनके अलावा संध्या जोसेफ, अनीता डड़सेना, संगीता चतुर्वेदी, ललिता देवांगन और पीके शर्मा, मीना गेंद्रे, उर्मिला पांडे, लक्की मसीह, संध्या टंडन ने सहयोग प्रदान किया।

# बर्तन बैंक: पर्यावरण बचाने ग्रामीणों को जागरूक कर रही रिसामा की सरपंच

संजय साहू ▶▶| अंडा

**धार्मिक, सामाजिक आयोजनों के लिए बर्तन निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा, प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने चल रहा अभियान**

दुर्ग ग्रामीण के अंतर्गत ग्राम पंचायत रिसामा में बर्तन बैंक बनाया गया है। गांव में धार्मिक, सामाजिक, व्यक्तिगत आयोजनों के लिए बर्तन निःशुल्क दिया जाता है। सरपंच गीता महानंद का कहना है कि बर्तन किराए पर देकर पंचायत आर्थिक रूप से समृद्धि हो सकती है लेकिन पर्यावरण को बचाना आर्थिक समृद्धता से बड़ा काम है, इसलिए आयोजन के लिए बर्तन उपयोग में लाने वालों से किराया नहीं लिया जाता है। शहरी ही नहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोग आयोजनों में प्लास्टिक डिस्पोजल, प्लेट, गिलास, कटोरी आदि उपयोग में लाते हैं। प्लास्टिक से पर्यावरण को नुकसान पहुंचता हैं। सरंपच गीता बैकुंठ महानंद रिसामा गांव में प्लास्टिक डिस्पोजल, गिलास आदि की उपयोगिता पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत में बर्तन बैंक स्थापित किया गया।

### गांव में प्लास्टिक का उपयोग प्रतिबंधित

पंचायत के बर्तन बैंक में 500 नग थाली, 500 नग गिलास और एक हजार नग कटोरी है। सरपंच गीता महानंद ने बताया कि बर्तन बैंक की स्थापना वर्ष 2021 में किया गया है। गांव में छोटे आयोजनों चाहे वह व्यक्तिगत हो अथवा सामाजिक या धार्मिक लोग बर्तन बैंक से बर्तन लेकर जाते हैं। सरपंच ने बताया कि प्रतिबंधित प्लास्टिक की बढ़ती उपयोगिता पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से बर्तन बैंक खोला गया, लेकिन इसकी उपयोगिता और फायदे को बताने गांव में बर्तन किराए पर देने के बजाए निश्शुल्क दिए जाने का निर्णय लिया गया। सरपंच गीता महानंद ने बताया कि आयोजनों के लिए बर्तन दिए जाने की योजना उनकी ही है। गांव के लोगों को प्लास्टिक के उपयोग से होने वाले नुकसान के बारे में भी बताया जाता है।



### मिलजुलकर करते हैं बर्तनों की सफाई



सरपंच ने बताया कि आयोजन के लिए बर्तन ले जाने वाले लोग बर्तनों की सफाई कर लाते हैं। सामाजिक अथवा धार्मिक आयोजन होने की सूरत में मोहल्ले के लोग मिलजुल कर बर्तनों की सफाई करते हैं। इस व्यवस्था से स्वच्छता को लेकर भी जनभागीदारी की भावना लोगों में विकसित हो रही है। ज्ञात हो कि ओडिएफ स्थायित्व के लिए रिसामा पंचायत को वर्ष 2020 में राज्य स्वच्छता पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है। गांव अभी पूरी तरह प्लास्टिक मुक्त नहीं हुआ है लेकिन आने वाले दिनों में होने की उम्मीद है। ग्राम पंचायत रिसामा में बने बर्तन बैंक में बर्तनों को देखती हुई महिलाएं।

## खबर संक्षेप

### छात्रवृत्ति को लेकर बैठक



**अंडा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला परसदा डंगनिया में शासन के योजना के तहत राष्ट्रीय सह साधन प्रवीण्य छात्र वृत्ति के लिए बैठक आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्षता कुलदीप साहू सरपंच, शाला प्रबन्धन समिति के अध्यक्ष नीलांबर साहू, विनोद साहू, रेशमा साहू एवं बच्चों के पालक गण की उपस्थिति में यह बैठक हुई। बैठक में रूखमणी चंद्राकर, प्रधान पाठक महेश चंद्राकर, यीतेश धुर्वे , प्रधान पाठक, देवेंद्र देवांगन, रूखमणी देवी चंद्राकर, दमयंती साहू, रविन्द्र चंद्राकर, दीपेश्वरी साहू उपस्थित थे।

### लूट के 3 आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** लूट की वारदात को अंजाम देने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। लूटेरों ने युवक का स्कूटी और मोबाइल लेकर फरार हो गए थे। शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि बीते 16 अक्टूबर को माडल टाउन इंदिरा नगर सुपेला निवासी प्रमोद साहू ने लूट की शिकायत की थी। मुखबिर की सूचना पर डेरा बस्ती फरीद नगर सुपेला निवासी प्रकाश धुर्वे , पींटू नेताम, नीलकंठ धुर्वे ने लूट की वारदात को पकड़ा गया। तीनों आरोपियों से पूछताछ करने पर घटना को अंजाम देना स्वीकर किया। आरोपियों ने बताया कि तीनों तालाब के पास बैठकर शराब पार्टी कर रहे थे। तभी शाम को 4 बजे पीड़ित अपनी एक्टिवा से जा रहा था। उसके रोक कर उसे तीनों ने पहले जमकर पीटा और उसकी एक्टिवा, मोबाइल फोन,चांदी की चेन लेकर फरार हो गए। स्मृति नगर प्रभारी विनिता पानीकर अपनी टीम के साथ गिरफ्तार करने जुटी रही।

### पंचदेवरी की सरपंच और ग्रामीणों ने कार्रवाई नहीं होने से नाराज होकर खोला मोर्चा

# जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र फर्जीवाड़ा, गोढ़ी के तत्कालीन पंचायत सचिव पर बैठी जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

पंचदेवरी ग्राम पंचायत में जन्म प्रमाण पत्र बनाने से लेकर आबादी पट्टा जारी करने और रुपयों के गबन का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले को लेकर पंचदेवरी की सरपंच सतकुमारी सोनके, पंच राजूलाल जांगड़े सहित ग्रामीणों ने मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने कहा कि गोढ़ी के तत्कालीन पंचायत सचिव महेश रात्रे के कार्यकाल में यह सारी गड़बड़ियां की गई। उन्होंने बताया कि गोढ़ी में पदस्थ रहते हुए पंचायत सचिव ने पंचायत देवरी के ग्रामीणों के फर्जी दस्तावेज बनाए। इस मामले में एसडीएम स्तर पर जांच भी हो चुकी है, लेकिन कार्रवाई अब तक नहीं हुई है। वर्तमान में उक्त पंचायत सचिव पंचायत ढौर- खेरधी पंचायत में पदस्थ है। सरपंच ने प्रेसवार्ता लेकर इस पूरे मामले का खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि पंचायत सचिव की पत्नी वर्तमान में धमधा जनपद की अध्यक्ष हैं, जिसका धौंस दिखाकर अधिकारियों को डराने-धमकाने की भी कोशिश हो रही है। इस वजह से इस पूरे मामले में अब तक कार्रवाई नहीं की गई है। सरपंच ने कहा कि जल्द ही इस मामले में पंचायत सचिव पर कार्रवाई नहीं होती, तो पूरा गांव एकजुट होकर उग्र आंदोलन करेगा। इसकी सारी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। उन्होंने कहा कि वे लगातार इस मामले की शिकायत कर रही हैं। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी से लेकर अन्य अधिकारियों को वस्तु स्थिति से अवगत करा चुकी हैं, लेकिन कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों में असंतोष बढ़ते जा रहा है। शिकायत करने वालों में रविशंकर सोनके, हेमंत यादव, कृष्ण कुमार डहरिया, नंदकुमार ठाकुर, रामस्वरूप विश्वकर्मा, राजू विश्वकर्मा, तिलक महिलांग सहित अन्य शामिल हैं।

### कलेक्टर और संभाग आयुक्त से शिकायत




### कई फर्जी कामों को कराए जाने का लगाया आरोप

सरपंच सतकुमारी सोनके ने बताया कि पंचायत सचिव ने शासकीय पद का दुरुपयोग किया है। फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाना, फर्जी आबादी पट्टा बनाना, रुपयों का गबन करना, फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत करना, इस प्रकार के कई फर्जी कामों को उनके द्वारा अंजाम दिया गया है। उन्होंने कहा कि हमने महेश रात्रे के खिलाफ़ जितने आरोप लगाए हैं, उन सभी के दस्तावेज साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत किए जा चुके हैं। उन्होंने प्रदेश सरकार से उक्त पंचायत सचिव पर कार्रवाई की मांग की है।

### एसडीएम धमधा से कर चुके हैं पूरे मामले की जांच

सरपंच ने बताया कि पंचायत सचिव के खिलाफ हुई शिकायत की जांच एसडीएम धमधा द्वारा की जा चुकी है। जांच के दौरान कई अनियमितता और गड़बड़ी सिद्ध भी हो चुकी है। अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए जिला पंचायत सीईओ को पत्र प्रेषित किया गया है, किन्तु आज लगभग दो वर्षों से उसपर कोई कार्यवाही नहीं किया गया है। इसकी सूचना छग विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं सांसद विजय बघेल को भी दी। इसके बाद भी मामले में किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हुई है।

### सरकारी घास जमीन का आबादी पट्टा बनाने का आरोप

पंचायत सचिव पर अपने पिताजी के नाम से सरकारी घास जमीन का फर्जी आबादी पट्टा बनाया गया है। इसे कलेक्टर द्वारा निरस्त कर अतिक्रमण हटाने के लिए आदेशित किया गया था। नायाब तहसीलदार द्वारा अतिक्रमण हटाने के दौरान पंचायत सचिव एवं जनपद अध्यक्ष के द्वारा कार्य मे व्यवधान उत्पन्न किया गया, और आज तक अतिक्रमण नहीं हटाया गया है। नायब तहसीलदारने मौके पर साक्ष्यों के आधार पर पंचनामा भी तैयार किया है। जैतखाम के सामने शासकीय भूमि का फर्जी आबादी पट्टा बनाया गया है, जिसकी जांच के बाद तहसीलदार द्वारा उक्त भूमि निस्तार पत्रक के आधार पर उसे आम रास्ता बताया गया है।

### गोढ़ी में पदस्थ रहने के दौरान कई गड़बड़ियां

सरपंच ने बताया कि गोढ़ी में शौचालय निर्माण की राशि 2 लाख 40 हज़ार गलत तरीके से किसी व्यक्ति विशेष को भुगतान किया गया है। जबकि सामाग्री क्रय का बिल श्री सांई ट्रेडर्स, मुरमुंदा के नाम है। शौचालय निर्माण की राशि का भुगतान हितग्राहियों को अब तक नहीं की गई है। तत्कालीन समय में महेश कुमार रात्रे ग्राम पंचायत गोढ़ी का पंचायत सचिव थे। इसके सबंध में आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। पंचायत सचिव ने किसी व्यक्ति विशेष के खाते में राशि भेजने को लेकर कई बार चेक काटा है। राजीव गांधी मितान क्लब के नाम से बिना किसी खेलकूद की गतिविधियों के 92 हजार राशि कहते में डलवाकर निकाल लिया गया। इस प्रकार की कई अन्य अनियमितता के आरोप पंचायत सचिव पर हैं।

### पंचायत सचिव के खिलाफ जांच के निर्देश

पंचायत सचिव महेश रात्रे के खिलाफ भ्रष्टाचार से जुड़ी शिकायत हुई है, इसकी जांच की जा रही है। पहले हुई भर्ती से जुड़ी शिकायत में हाईकोर्ट के आदेश पर ज्वानिंग दी गई। इसके अलावा जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र के मामले में पंचायत सचिव पर नियमतः फाइन भी लगाया गया है। वर्तमान में सामने आए मामलों की जांच के निर्देश दिए गए हैं।

-**अश्वनी देवांगन**, सीईओ जिला पंचायत दुर्ग

## अंचल की खबरें

### सेजस जामगांव आर में मेघा बैठक आयोजित




**जामगांव आर।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ठ इंग्लिश एवं हिंदी मीडियम शासकीय विद्यालय जामगांव आर में शासन के आदेश अनुसार मेगा पालक शिक्षक बैठक संपन्न हुआ। इस बैठक में बच्चों की तिमाही परीक्षा परिणाम की जानकारी पालकों को बताया गया। घर में सीखने सिखाने में सहयोग करने की बातें रखी गई। समुदाय के सहयोग से एक म्यूजियम खोला जाए।जिसमें संस्कृति रीति रिवाज से बच्चे परिचित हो । शासन के विभिन्न योजनाओं को और विद्यालय की उपलब्धियां पर विद्यालय के प्राचार्य राजेश पिल्लई ने अवगत कराया। बैठक में ग्राम पंचायत जामगांव आर सरपंच राजकुमार ठाकुर, जामगांव आर थाना एसआई प्रताप सिंह ठाकुर, शाला प्रबंधन व विकास समिति सेजस जामगांव आर अध्यक्ष अंगेश्वर साहू , शासकीय महाविद्यालय अध्यक्ष नरेश केला , मनीष जैन, विधायक प्रतिनिधि रूपेन्द्र शुक्ला, सीता राम साहू, आशीष कोचर, अमृत चंद्राकर , उज्ज्वल केला, रोमल साहू , डॉ. गुलाब साहू की विशेष उपस्थिति रही। हिंदी एवं अंग्रेजी मीडियम स्कूल के समस्त शिक्षकों द्वारा विद्यालय के बेहतर संचालन ,शिक्षा, संस्कार, खेल अन्य गतिविधि ,व्यवस्था एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास पर उपस्थित पालकों से विचार एवं सुझाव लिए गए। सेजस जामगांव आर विद्यालय अंग्रेजी माध्यम प्रभारी ओम प्रकाश वर्मा आदि मौजूद थे। संचालन नीलाक्षी मुखोपाध्याय और डीके साहू आभार प्रदर्शन हिंदी माध्यम के प्रभारी चेतना ठाकुर के द्वारा किया गया।

### गांव का विकास सबका विकास: जनपद सदस्य



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र जनपद सदस्य रुपेश देशमुख ने जनपद विकास निधि 15वें वित्त से आमटी में भवन निर्माण 5 लाख की लागत से पटेल पारा मेला स्थल पर भूमिपूजन किया गया। जनपद सदस्य देशमुख ने कहा कि गांव का विकास सबका विकास होगा। इस अवसर पर सरपंच घनश्याम साहू पटेल समाज के ग्राम प्रधान कुबेर पटेल, कुमार पटेल, नरेन्द्र पटेल, मानसिग, कल्याण पटेल रोजगार सहायक देव कुमार आदि मौजूद थे। पटेल समाज ने जताया आभार।

### अनुविभागीय पत्रकार संघ ने की पूर्व सीएम से भेंट



सेलूद। अनुविभागीय पत्रकार संघ पाटन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री व विधायक पाटन भूपेश बघेल से भिलाई-3 स्थित निवास में सौजन्य भेंट मुलाकात किए। साथ ही भाजपा दुर्ग जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा से दुर्ग स्थित निवास स्थान में सौजन्य भेंटकर संगठन की गतिविधियों से अवगत करवाया। जिसमें संदीप मिश्रा संरक्षक, किशन हिरवानी अध्यक्ष, धनराज साहू वरिष्ठ उपाध्यक्ष, टिकेंद्र वर्मा सचिव,पूर्णेंद्र सिन्हा कोषाध्यक्ष,गंगादीन साहू को सलाहकार के रूप में सर्व सम्मति से चुना गया था। संगठन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने भेंट मुलाकात कर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं भाजपा जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा को संगठन के पदाधिकारियों से परिचय कराया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से संदीप मिश्रा,किशन हिरवानी,धनराज साहू,सुरेंद्र शर्मा,टिकेंद्र वर्मा,पूर्णेंद्र सिन्हा,द्वारिका साहू,दिलीप कुर्रे,खूबी राम साहू,दिलेश्वर वर्मा, विवेक नारंग उपस्थित थे।

### कुशवाहा समाज का मिलन समारोह आज

**भिलाई।** कुशवाहा विकास समाज के तत्वावधान में द्वितीय पारिवारिक मिलन समारोह व युवक-युवती परिचय सम्मेलन समारोह का आयोजन रविवार को शासकीय मिडिल स्कूल प्रांगण कोहका भिलाई में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दुर्ग सांसद विजय बघेल, विशिष्ट अतिथि विधायक रिकेश सेन, भिलाई महापौर नीरज पाल, भाजपा जिला अध्यक्ष महेश वर्मा, जिला उपाध्यक्ष योगेंद्र सिंह कुशवाहा, जिला महामंत्री पार्षद संतोष मौर्या, धर्मेंद्र भगत, मंजू सिंह सहित लालचंद मौर्या, काशीनाथ वर्मा, रविंद्र भगत, हरिश्चंद्र सिंह कुशवाहा, केपी सिंह, कांति मौर्या, रेखा देवी प्रमुख रुप से उपस्थित रहेंगे।

# अल्पसंख्यकों को मिले योजना का लाभ



**पाटन ।** भाजपा दुर्ग जिला कोर कमेटी की अनुशंसा से प्रभारी मंत्री विजय शर्मा के द्वारा अल्पसंख्यक कल्याण समिति में 16 सदस्यों की नियुक्ति की गई थी। नियुक्ति के पश्चात शनिवार को इस समिति के सदस्यों के द्वारा आदिम जाति कल्याण विभाग में अपना पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, जिला महामंत्री सुरेंद्र कौशिक, राजेन्द्र कुमार, उपाध्यक्ष दिलीप साहू, समिति के सदस्य एवं जिला उपाध्यक्ष अरविंदर खुराना, अल्पसंख्यक विभाग समिति के प्रमुख साजन जोसेफ, सोशल मीडिया प्रभारी रजनीश श्रीवास्तव, मंडल भाजपा अध्यक्ष मदन वाढई, विजय ताम्रकार, सुनील अग्रवाल, मंडल भाजपा महामंत्री रीता मेश्राम, नवीन पवार, राजेश सिंह राजपूत उपस्थित थे। समिति के सदस्यों ने पदभार ग्रहण के पश्चात प्रभारी मंत्री विजय शर्मा और जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा का आभार जताते हुए सरकार की योजनाओं को पात्र अल्पसंख्यक वर्ग तक पंहुचाने का संकल्प लिया। वर्मा ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार एवं राज्य सरकार विष्णुदेव सरकार द्वारा अल्पसंख्यक वर्ग के कल्याण की योजनाओं का लाभ उस समुदाय के अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंच सके इसका सामूहिक प्रयास सभी को मिलकर करना है।







न्यायालय नायब तहसीलदार जामगाँव के न्यायालय में मामला क्रमांक 202407101700017/

**ईश्तहार**

विषय:- अ-27 सन:-2023-24
मामले की श्रेणी:- राजस्व

**पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार:** संध्या, चंद्रशेखर, रजनी, प्रेमचंद, आशादेवी, चन्द्रशेखर, प्रेमशंकर उर्फ प्रेमचंद, ईला दूबे, कृष्णा बाजपेयी, श्रीमती गीता दूबे, प्रेमलता बाजपेयी, अनिल कुमार मिश्रा, सुनील कुमार मिश्रा, मनीश कुमार मिश्रा, सुधीर कुमार, बसु दीक्षित, शशि शुक्ला, बिट्टी उर्फ अनिता बाजपेयी, बंटी शुक्ला उर्फ जयंत, बेबी उर्फ स्नेहलता मिश्रा, पुष्पा पाठक। **अनावेदक पक्षकार:** आशादेवी, रजनी, चंद्रशेखर, प्रेमचंद, संध्या, आशा तिवारी, रजनी मिश्रा, संध्या मिश्रा, शिवरानी शुक्ला, आनंद शुक्ला, आनंद शुक्ला, अरविंद शुक्ला।
प्रति 01-श्रीमती संध्या मिश्रा आ. स्व. भुनश्वर प्रसाद मिश्रा,02-श्रीमती शिवरानी शुक्ला पति स्व. मनमोहन शुक्ला,03-आनंद शुक्ला आ. स्व. मनमोहन शुक्ला,04-अरविंद शुक्ला आ. स्व.मनमोहन शुक्ला,05-अनिल कुमार मिश्रा आ. श्री विजय शंकर मिश्रा,06-सुनील कुमार मिश्रा आ. श्री विजय शंकर मिश्रा,07-मनीष कुमार मिश्रा आ.श्री विजय शंकर मिश्रा,08-सुधीर कुमार मिश्रा आ. श्री विजय शंकर मिश्रा,09-श्रीमती बसु दीक्षित पति श्री प्रेम कुमार दीक्षित, 10-श्रीमती शशि शुक्ला पति श्री भानुप्रताप शुक्ला,11-श्रीमती बिट्टी उर्फ अनिता बाजपेयी पति श्री अचल बाजपेयी। एतद् द्वारा आपको सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदकगण चन्द्रशेखर आत्मज सरजू प्रसाद शुक्ला निवासी नागपुर द्वारा माननीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1 पाटन जिला दुर्ग के द्वारा पारित निर्णय एवं डिक्री के आधार पर ग्राम अगेसरा प.ह.नं.56 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 676,733, 738,754, 786, 792 रकबा क्रमश: 2.19, 0.14, 0.36, 0.71, 0.65, 0.20 हेक्टेयर, कुल रकबा 4.25 हे. का बटवारा कर खाता विभाजन किये जाने बाबत् माननीय न्यायालय के पारित निर्णय, अधिवक्ता प्रपत्र की छायाप्रति सहित आवेदक सह अधिवक्ता द्वारा आवेदन प्रस्तुत आधार पर विचाराधीन प्रकरण आप लोगों की उपस्थिति हेतु नियत है। अत: उपरोक्तानुसार खाता विभाजन की कार्यवाही में आपको कोई दावा आपत्ति हो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई दिनांक 06-11-2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।
यह इश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 18/10/2024 को जारी किया जाता है

हस्ताक्षर व सील
नायब तहसीलदार जामगांव (आर)
तहसील पाटन, जिला दुर्ग

# धर्म न्याय के मार्ग पर चलने देता है प्रेरणा



**भिलाई।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत विभिन्न ग्राम उतई , बोरई, चिंगरी, कुथरेल, खपरी, चंदखुरी, में आयोजित दशहरा महोत्सव में दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। प्रभु श्रीरामचंद्र की पूजा-अर्चना कर उनका आशीर्वाद लिया। चंद्राकर ने कहा कि यह पर्व हमें सत्य, धर्म और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य माया बेलचंदन, विजय यादव , मुकेश साहू , टुकेश्वर साहू , गिरजानंद, टाकेस्वर , संतराम सपहा , जिला मंत्री रोहित साहू , मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा महामंत्री सोनू राजपूत अध्यक्ष डिकेन्द्र हिरवानी , पार्षद सतीश चंद्राकर जी, प्रहलाद वर्मा , दीपमाला देशलहरे आदि मौजूद थे।




## बिजनेस साइट

# बैलेंस्ड एडवांटेज फंड - बाजार की अनिश्चितता से निपटने का स्मार्ट तरीका



**योगेश कुमार गुप्ता**
म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर, भिलाई

**भिलाई।** एक बार सोचिए कि शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव भरे माहौल के बीच निवेश करना पानी में जहाज चलाने जैसा ही होता है क्योंकि आपको हमेशा यह नहीं पता होता कि अगली लहर कब आएगी, लेकिन आप एक ऑटोमैटिक स्वचालित पाल एडजस्टमेंट सिस्टम के साथ तैयार रहते हैं जो लहरों की तीव्रता के आधार पर बदलती रहती है। बैलेंस्ड एडवांटेज फंड (बीएएफ) इसी तरह काम करते हैं। वे अपने पाल को एडजस्ट करते हैं- जब बाजार का मूल्यांकन कम होता है तो इक्विटी में अधिक निवेश करते हैं और जब बाजार तेजी में होता है तो डेट में वापस आ जाते हैं, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि आगे बढ़ना आसान हो ।

निवेशकों के लिए, यह रणनीति एक सह - पायलट की तरह है जो भावनाओं के बजाय डेटा के आधार पर फैसले लेता है, जिससे बाजार में उथल-पुथल के बीच स्थिरता और मजबूती की भावना मिलती है। बैलेंस्ड फंड हाइब्रिड म्यूचुअल फंड हैं जिन्हें बाजार की टाइमिंग की जटिलता को दूर करने के लिए डिजाइन किया गया है, जो उन्हें उन निवेशकों के लिए एक आकर्षक विकल्प बनाता है जो चीजों को अपने हाथ में लेने की बजाए, एक्सपर्ट्स को काम करने की जिम्मेदारी देना अधिक पसंद करते हैं । बाजार में उतार-चढ़ाव को रोकना असंभव है, जैसा कि तिमाही परिणामों, भू-राजनीतिक घटनाओं और सरकारी नीतियों जैसे व्यापक आर्थिक कारकों द्वारा संचालित इक्विटी वैल्यू में उतार-चढ़ाव के साथ इन बदलावों के असर को साफ देखा जाता है। ऐसे अप्रत्याशित माहौल में, व्यक्तिगत निवेशकों के लिए खरीदने या बेचने का सही समय निर्धारित करना मुश्किल होता है। बीएएफ की अनूठी विशेषता यह है कि वे ऑटोमैटिक तौर पर इक्विटी और डेट के बीच शिफ्ट होते हैं, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि निवेशक बाजार की तेजी में भाग लें और सुधार के दौरान नुकसान को कम से कम करें। यह प्रभावशाली एलोकेशन रणनीति विकास और जोखिम प्रबंधन के लिए एक बैलेंस्ड एप्रोच प्रदान करती है ।

**इन स्कीम्स में किसे निवेश करना चाहिए ?** – ये फंड उन निवेशकों के लिए सबसे उपयुक्त हैं जो निवेश के भावनात्मक नुकसान को कम करना चाहते हैं और साथ ही लगातार विकास की तलाश में रहते हैं। अगर आप ऐसे व्यक्ति हैं जो अक्सर बाजार की खबरों, राजनीतिक घटनाओं या आर्थिक अनिश्चितता से प्रभावित होते हैं, तो बीएएफ आपके निवेश की यात्रा को बेहतर तरीके से सुचारू बनाने में मदद कर सकता है, रिस्क और रिवॉर्ड को बैलेंस्ड करते हुए मन की शांति प्रदान करता है। ऐसा ही एक बीएएफ जो आपको बाजार की अनिश्चितता से निपटने में मदद करेगा, वह आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल बैलेंस्ड एडवांटेज फंड है। 60,000 करोड़ रुपये से अधिक के एयूएम - एसेट अंडर मैनेजमेंट के साथ, यह फंड इस श्रेणी में सबसे बड़ा और सबसे पुराना फंड है। 30 सितंबर, 2024 तक फंड ने एक वर्ष के आधार पर 23.59 प्रतिशत का काफी अच्छा और मजबूत रिटर्न और तीन साल और पांच साल के आधार पर क्रमशः 13.75 प्रतिशत और 14.37 प्रतिशत का सीएजीआर रिटर्न दिया। ये निवेश के लिए एक बेहतर विकल्प है।




विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130




# सुहाग का प्रतीक करवा चौथ




## करवा चौथ का व्रत अटल सुहाग और सौभाग्य का प्रतीक है

करवा चौथ आते ही हर महिला के मन में एक अजीब-सी हलचल होने लगती है। उनका मन साज-श्रृंगार करने के लिए ललायित होने लगता है। महिलाएँ इस त्योहार की तैयारी महीनों पहले से ही करने लगती हैं। परंपरा, फैशन और आधुनिकता के अनुरूप सजने-संवरने के लिए महिलाएँ, कुँवारी कन्याएँ तरह-तरह के साजो-सामान को बाजार से समेटकर ले आती हैं और इस आने वाले पर्व का इंतजार करती हैं। फैशन के इस दौर में भी महिलाएँ इस पर्व पर पारंपरिक रूप से ही तैयार होती हैं। कुछेक महिलाएँ इस दिन विवाह के समय दी गई चुनरी भी ओढ़ती है।

जिस घर में नवविवाहिता बहू होती है उसके पहले करवा चौथ पर कुछ परिवारों में मायके से ससुराल में उपहार स्वरूप वस्त्र और श्रृंगार का सामान भिजवाया जाता है, जिसे पहनकर ही नवविवाहिता यह पूजा करती है। नवविवाहिताओं को बस इंतजार रहता है शरमाकर बादलों के घूँघट में छिपे चंद्रमा का सुंदर मुखड़ा देखने का। उन्हें न भूख, न प्यास का अहसास होता है।

उनके मन में तो बस करवा चौथ की उमंग होती है। करवा चौथ के दिन छोटी बहू, परिवार की बड़ी बहू या फिर सास को करवा और मिष्ठान्न प्रदान कर अखंड सौभाग्यवती होने का आशीर्वाद लेती है। कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को मनाया जाने वाला त्योहार करवा चौथ एक ऐसा पावन दिन है जब पति की आयु के लिए की गई प्रार्थना प्रभु स्वीकार करते हैं और यही विवाहिता के लिए बड़ा वरदान है। करवा चौथ के दिन लाल रंग के परिधान पहनने का अपना अलग ही महत्व हैं, क्योंकि लाल रंग के परिधान पहने जाते हैं। समय से आए बदलाव के अनुसार अब पुरूष भी अपनी पत्नी के लिए करवा चौथ का व्रत रखते है और अपनी पत्नी की भावनाओं, एक-दूजे के हाथ से व्रत का समापन करते हैं।












# स्वाभाविक मौत में भी मिलता है दो लाख का बीमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत जिला पंचायत सभा कक्ष में आज बीमा की राशि हितग्राही को सरलता से प्रस्तुत किया जाने व अधिक से अधिक हितग्राही को लाभ प्रदान किये जाने के संबंध में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

- सुरक्षा बीमा एवं जीवन ज्योति बीमा के लिए प्रशिक्षण



राज्य कार्यालय द्वारा एसपीएम दीपेश डाबरिया एवं लीड डिसट्रिक्ट मैनेजर प्रकाश के द्वारा विस्तृत में जानकारी प्रदाय की गई। इस दौरान सभी ब्लॉक एव क्लस्टर स्टाफ उपस्थिति रहे। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में हितग्राही को राशि आहरण व बैक से सम्पर्क स्थापित करने की जानकारी दी गई। साथ ही क्लेम को असानी से हितग्राही के परिवार तक पहुचांने के तरीके व ग्रामीण क्षेत्रों में आ रही समस्याओं का निराकरण किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दुर्ग अश्वनी देवांगन ने बताया कि, जिले में पीएमजेजेबीवाई 18-50 वर्ष की आयु समूह के सभी ग्राहकों को 2.00 लाख रुपये का एक वर्षीय टर्म जीवन कवर प्रदान करता है। यह किसी भी कारण से हुई मृत्यु को कवर करता है। प्रत्येक ग्राहक को प्रति वर्ष 436 रूपए प्रीमियम देय होगा, जो ग्राहक के बैंक, डाकघर खाते से स्वतः कट रहा है। उन्होंने योजना से अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों का चयन करने प्रक्रिया व बैंक तक सफलतापूर्वक क्लेम को प्रस्तुत करने व आवेदन भरने की जानकारी साझा की। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना का वार्षिक प्रीमियम मात्र 12 रूपए है। इस योजना का प्रीमियम ही इस योजना की खासियत बयां कर रहा है। इस बीमा योजना के अंतर्गत 12 रूपए वार्षिक प्रीमियम पर दुर्घटना बीमा किया जाएगा। यह योजना 18 से 70 साल के लोगों के लिए है। यदि इस योजना के अंतर्गत बीमित व्यक्ति की दुर्घटना में मौत हो जाती है, या फिर हादसे में दोनों आंखें या दोनों हाथ या दोनों पैर खराब हो जाते हैं, तो उसे 2 लाख रूपए मिलेंगें। इस योजना के संचालन का तरीका ठीक प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना जैसा ही है। इन दोनों योजनाओं के हितग्राही जो ग्रामीण क्षेत्र में क्लेम को स्व-सहायता समूह की दीदीयों, बीमा सखी एवं बैक सखी के माध्यम से आवेदन और बैंक से सम्पर्क कर जानकारी ले सकते हैं। जिला पंचायत सीईओ देवांगन ने ग्राम पंचायत में एक सक्षम केन्द्र की स्थापना किये जाने की बात कही। प्रशिक्षण कार्यक्रम में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन पीआरपी, एडीईओ, एफएलसीआरपी, बैक सखी, बीमा सखी, व अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# शहर में आज निकलेगी शस्त्र शोभायात्रा जिलेभर से जुटेंगे सैकड़ों बजरंगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

छत्तीसगढ़ बजरंग दल द्वारा 20 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे शहीद चौक (ग्रीन चौक) में शस्त्र पूजन का आयोजन किया गया है। शस्त्र पूजन उपरांत भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। जो शहीद चौक से अग्रसेन चौक, हरनाबांधा, पोलसायपारा चौक,फरिश्ता कॉम्पलेक्स, इंदिरा मार्केट होते हुए पटेल चौक पहुंचकर संपन्न होगी। शोभायात्रा में बजरंगी विभिन्न शस्त्रों से लैस होंगे, वहीं घोड़े-बग्गी व बैंड धुमाल आकर्षण का केन्द्र रहेंगे। शस्त्र पूजन व शोभायात्रा का मुख्य उद्देश्य राष्ट्र रक्षा, धर्म रक्षा व हिन्दुत्व शौर्य जागरण है। बजरंग दल द्वारा विजयादशमी के उपलक्ष्य पर पिछले 20 वर्षों से निरंतर यह आयोजन किया जा रहा है। शस्त्र पूजन व शोभायात्रा में जिलेभर से हजारों की संख्या में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं और सनातनियों के शामिल होने की संभावना है। जिसके चलते बजरंगियों द्वारा आयोजन की भव्य तैयारियां की गई है। शहर के प्रमुख चौक-चौराहों व मार्गों को भगवाध्वज व तोरण पताका से सजाया गया है। यह बातें छत्तीसगढ़ बजरंग दल के प्रदेश संयोजक रतन यादव ने शनिवार को मीडिया से चर्चा में कही। इस दौरान छत्तीसगढ़ बजरंग दल के प्रदेश अध्यक्ष गौतम जैन, उपाध्यक्ष विकास ठाकुर, चंदन राजपूत, रवि निगम, ईश्वर गुप्ता, ज्योति शर्मा, कुशल तिवारी, रवि भारती, इंद्रजीत महाराज, रितिक सैनी, धनेश दोरा, राजा साहू, व अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

- बजरंग दल में विभाजन की बात करने वाले अज्ञानी



# धान खरीदी पर कितने भी अफवाह फैला ले, जनता नहीं मानेगी- गजेंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव ने कहा है कि, अपने आपको किसान हितैषी बताने और ढोंग करने वाली पिछली भूपेश सरकार धान खरीदी के राशि का भुगतान भी चार किश्तों में करती थी। अभी जब एकमुश्त धान का पैसा किसानों के खाते में जा रहा है, तो वह किसान आज घर बनवा रहा है तो कोई सामान खरीद रहा है, अन्य उपयोगी कामों में खर्च कर पा रहा है। प्रदेश के सभी किसानों का पूरा धान 21 क्विंटल प्रति एकड़ 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर पर खरीदा जाएगा। इसके साथ ही साथ दो वर्षों के धान के बकाया बोनस का देने का वादा भी पूरा कर दिया है। पूरी स्पष्टता के साथ काम हो रहा है। इस बार अभी जमीन में नमी है, फिर भी इन सभी बातों का ध्यान रखते हुए किसान हितेषी प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली सरकार ने धान खरीदी 14 नवंबर से शुरू करने की घोषणा की है।



# डिवाइडर के दोनों तरफ जमीं धूल की सफाई में जुटे नगर निगम के कर्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर निरन्तर शहर क्षेत्र में विभिन्न वार्डों के अलावा पटेल चौक, मालवीय चौक, स्टेशन रोड, पुलगांव चौक सहित शहर के अन्य मार्गों की साफ-सफाई कर कचरे का उठाव किया गया। शहर के मुख्य मार्गों में डिवाइडर के दोनों तरफ जमी धूल की मोटी परत को भी साफ किया गया। सफाई नहीं होने से जगह-जगह कूड़े का ढेर लगा हुआ था।



मुख्य मार्ग पर सुबह झाड़ू लगने के बाद दिनभर बड़ी गाड़ियों का आने जाने से उठने वाली धूल लोगों के लिए नुकसानदायक है इसलिए लगातार डिवाइडर के दोनों ओर सफाई किया जा रहा है। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने बताया कि वार्डों के अलावा सार्वजनिक सडकों, निकासी नालियों एवं मुख्य मार्गों के डिवाइडर किनारे मिट्टी की सफाई कराकर शहर को साफ एवं स्वच्छ रखने प्रयास किया जा रहा है। स्थल निरीक्षण के दौरान आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, कर्मशाला अधीक्षक शॉएब अहमद, एमयूएल कुणाल, राहुल सहित अमले के साथ सफाई व्यवस्था देखी।

## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

7987328736, 7489348301







